# भगवान का दूसरा रूप है "कोरोना योद्धा" – सीएमडी



गांधीनगर अस्पताल में कोविड वार्ड

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सभी केंद्रीय अस्पताल, झारखंड के कोरोना संक्रमित से सम्बंधित मामलों से निपटने के लिए तैयार हैं। सीसीएल कोविड –19 की बढ़ती महामारी से उत्पन्न चुनौती और खतरे का सामना करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है और यह यह सुनिश्चित कर रहा है की "कोरोना वारियर्स" किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहें ।

सरकार और सभी स्टेकहोल्डर्स के सहयोग से, कम्पनी अपने अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में कोविड –19 से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए चिकित्सा सेवाओं के साथ साथ विभिन्न माध्यम से जन सेवा कर रहा है । देश में कोरोना का प्रकोप बढ़ते ही सीसीएल की चिकित्सीय टीम सीएमडी श्री गोपाल सिंह की पहल पर अपनी तैयारियाँ विगत मार्च माह से ही प्रारंभ कर दी थी। सीसीएल के कोविड–19 चार केन्द्रीय अस्पतालों में ऑक्सीजन सपोर्ट बेड, लाइफ सपोर्ट के साथ एम्बुलेंस, चौबीसों घंटे पर्याप्त ऑक्सीजन सपोर्ट एवं अन्य सुविधायें सुनिश्चित की गयी हैं।

सीएमडी ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों (कोरोना वारियर्स) के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की आज मानवजाति के कल्याण के लिए जो योगदान कर रहें है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाय वो कम है। कोरोना योद्धा भगवान के रूप में आज कोविड –19 रोगियों के इलाज और अनगिनत जीवन बचाने के लिए पूरे विश्व में दिन–रात काम कर रहे हैं । उन्होंने सभी से सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये निर्देशों का पालन करने की अपील की और कहा कि कोरोना से डरने की नहीं बल्कि सावधान रहने की आवश्यकता है ।

श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल के सेवानिवृत्त डॉक्टरों की मदद से एक सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया है और वे कोविड –19 के संबंध में सलाह दे रहे हैं ताकि हम सामूहिक रूप से महामारी से लड़ सकें और सीसीएल की तैयारी को और सुदृढ़ कर सके ।

सीएमएस, सीसीएल डॉ सी पी धाम के अनुसार कंपनी के डॉक्टरों और पारामेडिकल कर्मियों को कोरोनावायरस के संदिग्ध रोगियों के इलाज और देखभाल के लिए प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि डॉक्टरों को सरकार के अन्य परामर्शों का पालन करने के अलावा घातक वायरस से संक्रमित रोगियों का इलाज करते हुए खुद को बचाने के लिए सुरक्षात्मक गियर (प्रोटेक्टीव गियर) पहनने की आवश्यकता है।







सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
दरभंगा हाउस, कचहरी रोड, राँची – 834029, (झारखण्ड)

TOLL FREE NO. 18003456501 सम्पर्क करें : @CCLRanchi @CentralCoalfieldsLtd centralcoalfieldltd Central Coalfields Limited www.centralcoalfields.in

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित (आंतरिक वितरण हेतु)


# अपनी बात


अंक : 555 वर्ष 42 | सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका | राँची, 30 अप्रैल, 2020


## कोरोना के विरुद्ध युद्ध – सीसीएल निभा रहा है अहम् भूमिका




सीसीएल के मगध–आम्रपाली क्षेत्र में सीएसआर के अन्तर्गत खाद्य सामग्री का वितरण

पूरा विश्व सहित हमारा देश कोरोना के विरुद्ध एक अभूतपूर्व युद्ध लड़ रहा है। इस कठिन समय में देश के हज़ारों अस्पतालों सहित लॉकडाउन में अपने घरों में बंद 130 करोड़ देशवासियों के घरों तक बिजली पहुँचती रहे इसलिए सीसीएल निर्बाध रूप से कोयला उत्पादन कर रहा है। साथ ही साथ सीसीएल परिवार इन चुनौतापूर्ण परिस्थियों में पूरी तन्मयता से जन सेवा में लगा हुआ है। कोई भी भूखा न सोये, हर किसी को चिकित्सीय सेवा उपलब्ध रहें इसलिए कोयला कर्मी तन मन से विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों को कार्यान्वित कर रहे है। इस दौरान सदैव की भांति, कर्मियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों जैसे कि सोशल डिस्टेंसिंग, कार्यस्थल एवं मशीनों का सैनिटाइज़ेशन, मास्क का उपयोग आदि का पालन किया जा रहा है।

सदैव की भांति कंपनी एक जिम्मेदार सार्वजनिक उपक्रम के रूप में राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के प्रति जागरूक है उसका निर्वहन पूरी चेतना, निष्ठा और अनुशासन से कर रहा है। इस संकट की घड़ी हम सभी का दायित्व और बढ़ गया है और सीसीएल इस दिशा में अपनी गतिविधियों को और गति प्रदान कर रहा है। अपने कर्मियों एवं सीसीएल कमांड क्षेत्रों के आस पास रह रहे जनसाधारण व् ग्रामीणों के बीच लगभग 30,000 मास्क वितरित किए गए हैं। सीसीएल अपने चार केंद्रीय अस्पतालों गांधीनगर (राँची), डकरा (राँची), नईसराय (रामगढ) और ढोरी (बोकारो) में आइसोलेशन वार्ड स्थापित किया हैं जिसमे 180 बेड की व्यवस्था की गयी है । अतिरिक्त बेड के किये स्थानों को चिन्हित किया जा रहा हैं द्य कम्पनी द्वारा अतिरिक्त वेंटिलेटर्स की खरीद के लिए भी तेजी से कार्य हो रहा है। झारखण्डवासियों हेतु कंपनी ने कोविड19 सम्बंधित किसी भी प्रकार की चिकित्सीय सहायता एवं जानकरी के लिए समर्पित हेल्पलाइन भी शुरू किया है (0651–2365999 / 2365999 / 2361013 / 2360606)। सीसीएल द्वारा फरवरी माह से ही आमजन को कोरोना महामारी के प्रति जागरूक करने एवं सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न पहल किया गया है।

सीएसआर के अंतर्गत कंपनी गरीब, ग्रामीणों, दिहाड़ी मजदूरों, प्रवासी श्रमिकों एवं राहगीरों के लिए झारखण्ड के 8 जिलों में स्थित अपने कमांड क्षेत्रो में खाद्य सामग्री, भोजन आदि निरंतर उपलब्ध करा रहा है ताकि किसी को भूखा न सोना पड़े। चतरा जिले में, कंपनी ने स्थानीय पुलिस द्वारा संचालित सामुदायिक रसोई में राशन प्रदान कर अपनी भागीदारी निभाई। रजरप्पा क्षेत्र में स्थित एक लाईन होटल में स्थानीय प्रशासन के सहयोग से "सामुदायिक रसोई" स्थापित कर चलाई जा रही है, जिसमे वर्तमान में प्रतिदिन 200 लोगों के खाने की व्यवस्था की गयी है। इसी प्रकार सीसीएल के अन्य क्षेत्र कथारा, ढोरी, बी एंड में निरंतर खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित कर रहा है।

कंपनी पूर्व में महिला सशक्तिकरण एवं उनके वित्तीय स्वावलम्बन के लिए विभिन्न ट्रेडों में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करता आया है। इस पहल को इस संकट के समय में उपयुक्त रूप से उपयोग करते हुए कुजू कमांड क्षेत्र में सिलाई प्रशिक्षण के लाभार्थियों से 15 रुपये प्रत्येक मास्क की दर से 4000 मास्क बनवा कर खरीदा हैं। मास्क हेतु सामग्री कंपनी द्वारा उपलब्ध कराया गया।

अपने कर्मियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ सीसीएल वर्तमान स्थिति में सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। सभी कार्य स्थलों और खदानों में कर्मियों के लिए सैनिटाइज़र उपलब्ध कराया गया है। सभी कार्यालयों एवं प्रत्येक मशीन के साथ–साथ आस–पास के बाजारों, कॉलोनियों और इलाकों की प्रतिदिन सफाई कराई जा रही है। सीसीएल मेडिकल टीम कर्मियों की स्क्रीनिंग कर रहा है और जागरूकता पैदा करने के लिए कर्मचारियों और आमजन को शिक्षित कर रहा है। कार्यस्थलों में सोशल डिस्टैन्सिंग का सख्ती से पालन किया जा रहा है।

# सीसीएल के कमांड क्षेत्र में जरूरतमंद भूखा ना रहे – सीएमडी सीसीएल



केन्द्रीय कर्मशाला, बरकाकाना में जरूरतमंदों के बीच खाने का पैकेट्स वितरण

कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए देश में तालाबंदी (लॉकडाउन) 3 मई तक बढ़ा दिया गया है । कोरोना वायरस से उत्पन्न इस वैश्विक महामारी के दौरान घोषित लॉकडाउन में जहाँ पूरा देश एक साथ खड़ा नजर आ रहा है, वहीं सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) अपने कर्तव्यों का पूरी संवदेनशीलता, सजगता और समर्पण के भाव से निर्वहन कर रहा है ।

सीसीएल तालाबंदी के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभा रहा है। सीसीएल कर्मी पूरे जोश और उत्साह के साथ सतत अपना कार्यनिष्पादन कर रहे हैं। सीसीएल कमांड क्षेत्रों में निरंतर समाज के गरीब, दिहाड़ी मज़दूरो एवं जरुरतमंदो के बीच सूखे राशन की आपूर्ति कर रहा है। सामुदायिक रसोई के माध्यम से हजारों लोगों को भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। बरका सयाल, अरगडा, उत्तरी कर्णपुरा, राजहरा, पिपरवार, रजरप्पा, कुजू, हजारीबाग, बोकारो एवं करगली, ढोरी, कथारा, मगध एवं आम्रपाली, गिरिडीह आदि क्षेत्रों में लगभग 100 क्विंटल खाद्य सामग्री जैसे चावल, दाल, नमक, आटा, सरसों का तेल, सोया बरी, चूड़ा, मसाले, आलू, प्याज आदि स्थानीय प्रशासन को तालाबंदी के दौरान उपलब्ध कराया है । खाद्य सामग्री के साथ साथ मास्क, सैनिटाइज़र आदि प्रदान किया गया है। साथ ही कंपनी ने 12,000 से अधिक परिवारों के बीच खाने का पैकेट भी वितरित किया है।



पंचायत सचिवालय, पीरी में सीआरएस, बरकाकाना की ओर से खाद्य सामग्री का वितरण

सीसीएल ने हेल्पलाइन नंबर (0651–2365999, 0651–2361013, 0651–2360606) स्थापित किया हैं जिससे कोई भी जरूरतमंद इस दौरान अपनी समस्या से अवगत कराने के साथ साथ सहायता प्राप्त कर सकता है ।

सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंधक निदेशक श्री गोपाल सिंह ने इस पूरे अभियान की कमान संभाली रखी है और इस कार्य हेतु सीसीएल की सहायता टीम तत्परता के साथ सतत कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमलोगो का प्रयास है कि कोई भी जरूरतमंद सीसीएल के कमांड क्षेत्र में भूखा ना रहे और भूखा ना सोए।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से क्षेत्रीय महाप्रबंधको के संपर्क में हैं। उन्होंने आवश्यक निर्देश जारी किया है और कहा है कि यह सुनिश्चित करे कि सभी कर्मी कार्य स्थल के साथ साथ जब भी बाहर निकलें तो कोरोना से बचाव के लिए मास्क एवं दस्ताने का अनुशासन के साथ प्रयोग करे । सीएमडी श्री सिंह ने इस महती सेवा कार्य मे लगे कोयला योद्धाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीसीएल कर्मी उत्पादन, उत्पादकता के साथ साथ सेवा कार्य मे भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं ।

# कोविड –19 रोगियों का सीसीएल, गांधीनगर अस्पताल में उपचार

कोरोना संक्रमित रोगियों (कोविड –19) का सीसीएल, गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल, राँची में उपचार चल रहा है। सभी रोगियों को सोमवार शाम को भर्ती कराया गया है। उपायुक्त श्री महिमापत रे एवं एस एस पी, रांची श्री अनीश गुप्ता ने गांधीनगर स्थित सीसीएल, गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल का निरीक्षण किया, जिसे कोविड–19 अस्पताल बनाया गया है।

डॉक्टरों को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री महिमापत रे ने कहा कि इस अस्पताल में कोविंद–19 मरीजों के प्रवेश हेतु अलग मार्ग होगा तथा डॉक्टरों और पारामेडिकल कर्मियों का प्रवेश मार्ग भी अलग निर्धारित किया जायेगा। किसी भी कीमत पर, रोगियों के उपचार के दौरान कोई अन्य व्यक्ति संक्रमित न हो। उन्होने सभी चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को अपनी मेडिकल सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

गांधीनगर अस्पताल सहित सीसीएल के अन्य तीन केंद्रीय अस्पताल, झारखंड के कोरोना संक्रमित से सम्बंधित मामलों से निपटने के लिए तैयार हैं। सीसीएल के कोविड–19 चार केन्द्रीय अस्पतालों में ऑक्सीजन सपोर्ट बेड, लाइफ सपोर्ट के साथ एम्बुलेंस, चौबीसों घंटे पर्याप्त ऑक्सीजन सपोर्ट एवं अन्य सुविधायें सुनिश्चित की गयी हैं। कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल कोविड –19 की बढ़ती महामारी से उत्पन्न चुनौती और खतरे का सामना करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है और यह यह सुनिश्चित कर रहा है की "कोरोना वारियर्स" किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहें ।

